**दिनांक–05.05.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार

## बैठक की कार्यवाही

अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा निम्न महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए गए:–

- सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के द्वारा अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के सचिव (प्रा0) को निदेश दिया गया कि सभी कार्यपालक अभियंता को पत्र द्वारा अवगत कराया जाय कि प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात 120 दिनों के अन्दर निविदा निष्पादित करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन–अभियंता प्रमुख**

- सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को निदेश दिया गया कि हेलीपेड का निर्माण में मॉडल प्राक्कलन निर्धारित होना चाहिए ताकि सभी जगह एक ही तरीके से निर्माण कराया जा सके।

**अनुपालन–सभी मुख्य अभियंता**

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि योजनाओं का कार्यादेश निर्गत होने के 21 दिनों के अन्दर एकरारनामा करना सुनिश्चित करें। यदि 21 दिनों के अन्दर संवेदक द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो Tender Award को रद्द करने एवं संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को निदेश दिया गया कि अगले छः महीने में अपेक्षित आवंटन की सूचना उपलब्ध करायी जाय ताकि इस संबंध में वित्त विभाग को जानकारी उपलब्ध करायी जा सके।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को निदेश दिया गया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025–26 में ट्रेजरी में जमा किये गये बिल जिनकी निकासी नहीं हो सकी एवं ऐसी योजना जिसका कार्य भी पूर्ण कर लिया गया परन्तु भुगतान नहीं किया गया उसकी विवरणी उपलब्ध करायी जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया है कि जब तक एक Requisition का भुगतान नहीं हो जाता तबतक दूसरा Requisition नहीं भेजना है।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया है कि किसी भी योजना का एकरारनामा होने के बाद उसकी एक प्रतिलिपि पत्र के साथ संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता को देना सुनिश्चित करें ताकि विद्युत कार्यपालक अभियंता को योजना के समय सीमा की भी जानकारी उपलब्ध रहे।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया है कि हर महीने निर्माण कार्यों के संबंधित संवेदकों के साथ एक बैठक करना सुनिश्चित किया जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा केन्द्रीय भवन प्रमंडल सं0–1 के असैनिक कनीय अभियंता एवं असैनिक सहायक अभियंता को कार्यालय का समय प्रारंभ होने से पहले सभी Chamber, Lift, Corridor एवं Toilet की सही तरीके से साफ–सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया तथा विद्युत कनीय अभियंता एवं विद्युत सहायक अभियंता को यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया कि सभी विद्युत उपकरण सुचारू रूप से कार्य कर रहे है।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- निदेशक (अनुश्रवण), भवन निर्माण विभाग द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया है कि विधि विभाग से संबंधित केन्द्र प्रायोजित स्कीम को Nyaya Vikas Portal पर अद्यतन किया जाय। इसे अतिआवश्यक समझा जाय। यदि इसमें कोई कठिनाई हो तो Ms. Mosmi Rajput (Mob-9756669969) Consultant (MIS & Nyaya Vikas Portal) से सहायता ली जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को यह निदेश दिया गया कि निर्माण कार्यों के निरीक्षण प्रतिवेदन को PMIS पर नियमित रूप से अपलोड किया जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- सभी कार्यपालक अभियंताओं को यह निदेश दिया गया कि जिन योजनाओं के पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है उनके संवेदक से लिखित में समय–सीमा लेना सुनिश्चित करें।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

- मुख्य अभियंता (निरूपण), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को निदेश दिया गया है कि किसी भी योजना हेतु चिन्हित स्थल का निरीक्षण योजना के निविदा की प्रक्रिया के दौरान ही कर लिया जाय। इस प्रकार स्थल से संबंधित अवयवों जैसे–पेड़, जल–जमाव, गडढ़ा इत्यादी को Detailed Estimate में ही सम्मेलित किया जा सकेगा तथा अप्रत्याशित कारणों से पुनिरीक्षित प्राक्कलन बनाने की परिस्थिति उत्पन्न नहीं होगी, जिससे योजना को ससमय पूर्ण किया जा सकेगा।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल।**

## ➢ विधि विभाग

- अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा सभी संबंधित मुख्य अभियंताओं को निदेश दिया गया है किं लॉयर्स हॉल में फर्नीचर अधिष्ठापन के संबंध में दिशा निदेश हेतु सभी कार्यपालक अभियंता को पत्र से अवगत करायेगें।

**अनुपालन–सभी मुख्य अभियंता।**

- औरंगाबाद जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, दाउदनगर में 10 कोर्ट भवन (जी0+5) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रही है।

अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य के संबंधित संवेदक को नोटिस देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

- बेगूसराय जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, मंझौल, बेगूसराय में लॉयर्स हॉल का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा बताया गया कि पर्याप्त आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रही है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- बेगूसराय जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, मुंगेरीगंज, बेगूसराय में पुराने सी0जे0एम0 आवासीय परिसर में 10 पी0ओ0 (जी0+5) एवं 20 पी0ओ0 (जी0+5) आवास का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रही है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- बक्सर जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, बक्सर में पुराने पी0ओ0 क्वाटर एवं पुराने जिला एवं सत्र न्यायाधीश आवासीय परिसर में 10 पी0ओ0 आवास (जी0+5) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बक्सर द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रही है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- मधेपुरा जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, उदाकिशुनगंज, मधेपुरा में लॉयर्स हॉल का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य के संबंधित संवेदक को कालीकृत करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा**

- मधेपुरा जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, मधेपुरा के पुराने न्यायालय परिसर में कर्मचारियों हेतु सी0 टाईप (जी0+3) आवास का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य के संबंधित संवेदक को कालीकृत करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा**

- नालंदा जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत 8 कोर्ट भवन (जी0+5), एमिनिटि भवन (जी0+5) एवं हाजत भवन (जी0+1) व्यवहार न्यायालय, बिहारशरीफ का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नालंदा द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है। आवंटन प्राप्त होने के पश्चात 2 से 3 महीने के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- पटना जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत व्यवहार न्यायालय, मसौढ़ी (पटना) में लॉयर्स हॉल का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी भवन प्रमंडल द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- सहरसा जिलान्तर्गत व्यवहार न्यायालय, सहरसा में लॉयर्स हॉल का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- शेखपुरा जिलान्तर्गत व्यवहार न्यायालय, शेखपुरा में 10 पी0ओ0 आवास (जी0+5) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा द्वारा बताया गया कि आवंटन के अभाव के कारण कार्य धीमी गति से चल रहा है।

अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशासी विभाग को आवंटन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- दरभंगा जिलान्तर्गत केन्द्र प्रायोजित स्कीम अन्तर्गत मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, दरभंगा के आवासीय परिसर में 20 पी0ओ0 आवास (जी0+5) (विद्युतीकरण कार्य सहित) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि जिला सत्र न्यायाधिश द्वारा नक्शा में में परिवर्तन करने का निदेश दिया गया तथा उनके कार्य नहीं रोक दिया गया।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के प्रशारी विभाग से इस कार्य हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- सासाराम जिलान्तर्गत व्यवहार न्यायालय, बिक्रमगंज (रोहतास) में लॉयर्स हॉल का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम द्वारा बताया गया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कार्य में रोक लगा दी गयी थी, वर्तमान में उक्त कार्य करने हेतु सहमति प्राप्त हुआ है।

  अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग के द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम को निदेश दिया गया है कि उक्त कार्य के लिए समय सीमा वृद्धि हेतु संबंधित मुख्य अभियंता को पत्र दिया जाय।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम**

## ➢ पंचायती राज विभाग

- निदेशक (अनुश्रवण), भवन निर्माण विभाग द्वारा सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया है कि पंचायत सरकार भवनों से संबंधित पंचायती राज्य विभाग का Panchayat Nischay Soft Portal को प्रत्येक माह सही तरीके से अद्यतन किया जाय, साथ ही भवन निर्माण विभाग के PSB (PMIS) पोर्टल पर योजनाओं को निरंतर अद्यतन करना सुनिश्चित करें। इसे अतिआवश्यक समझा जाय। यदि इसमें कोई कठिनाई आती है तो लिखित रूप में विभाग को उपलब्ध कराया जाय ताकि प्रशासी विभाग को इससे अवगत कराया जा सके। साथ ही इससे संबंधित पंचायत राज्य विभाग के WhatsApp ग्रुप में भी अपनी समस्याओं को रखा जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल**

- निदेशक (अनुश्रवण), भवन निर्माण विभाग द्वारा बताया गया है कि आवंटन के अभाव के कारण पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्यों का प्रगति बाधा

उत्पन्न हो रही है। कार्यों में तेजी लाने हेतु आवंटन की आवश्यकता है। आवंटन उपलब्ध कराने हेतु प्रशासी विभाग को निदेश दिया गया है।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- जिन पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य हेतु हाल ही में जमीन उपलब्ध करायी गयी है, उन योजनाओं के समय विस्तार हेतु संबंधित कार्यपालक अभियंता अपने उचित माध्यम से मुख्य अभियंता को प्रस्ताव देने का निदेश दिया गया है।

**अनुपालन–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल**

## ➢ ग्रामीण विकास विभाग

- आरा जिलान्तर्गत प्रखंड बिहीया में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा द्वारा बताया गया कि तकनीकी बीड खोलकर मुख्य अभियंता (दक्षिण) को भेजा गया है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग के द्वारा मुख्य अभियंता (दक्षिण) को निदेश दिया गया है कि तुरन्त तकनीकी बीड का मूल्यांकन हेतु अग्रतर कार्रवाई करें।

**अनुपालन–मुख्य अभियंता (दक्षिण)**

- औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड मदनपुर में प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि तकनीकी बीड मूल्यांकन हेतु अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गयाजी को समर्पित किया गया है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग के द्वारा अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गयाजी को निदेश दिया गया है कि तुरन्त तकनीकी बीड का मूल्यांकन हेतु अग्रतर कार्रवाई करें।

**अनुपालन–अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गयाजी**

- जहानाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय भवन, काको का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य का वित्तीय बीड का मूल्यांकन प्रक्रिया में है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग के द्वारा मुख्य अभियंता (दक्षिण) को निदेश दिया गया है कि अपने स्तर से जल्द से जल्द निविदा निष्पादित करना सुनिश्चित करें।

**अनुपालन–मुख्य अभियंता (दक्षिण)**

## ➢ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति कल्याण विभाग

- दरभंगा जिलान्तर्गत डॉ भीम राव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, प्रखंड–सह–अंचल, बिरौल में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य धीमी गति से चल रहा है तथा 4 माह में पूर्ण होने की संभावना है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य के संबंधित संवेदक से पत्र के माध्यम से समय सीमा लेने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- गयाजी जिलान्तर्गत डॉ भीम राव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, प्रखंड–सह–अंचल, टेकारी में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य संवेदक द्वारा नहीं किया जा रहा है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया है कि तुरन्त कार्य प्रारंभ कराया जाय और यदि एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है तो संवेदक को Rescind करना सुनिश्चित करें।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी**

- मधेपुरा जिलान्तर्गत 100 आसन वाले राज्यकीय आवासीय कल्याण बालक छात्रावास मुरलीगंज प्रखंड का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य के संबंधित संवेदक से पत्र के माध्यम से समय सीमा लेने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा**

- पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी प्रखंड में 100 आसन वाले राज्यकीय कल्याण छात्रावास भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य धीमी गति से चल रहा है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा उक्त कार्य के संबंधित संवेदक से पत्र के माध्यम से समय सीमा लेने हेतु कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी**

- जहानाबाद जिलान्तर्गत डॉ भीम राव अम्बेडकर (10+2) आवासीय विद्यालय, दक्षिणी जहानाबाद के पुराने छात्रावास की मरम्मति, रंग रोगन, चहारदिवारी के ऊँचीकरण का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा बताया गया कि कार्यादेश निर्गत किया गया है परन्तु कार्य अभी प्रारंभ नहीं की गयी है।

  सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया है कि संबंधित संवेदक को Rescind करना सुनिश्चित करें।

  **अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद**

- कैमूर जिलान्तर्गत राज्यकीय अनुसूचित जन जाति आवासीय विद्यालय, प्रखंड चैनपुर मौजा–मसानी में (720 आसन) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कैमूर द्वारा बताया गया कि स्थल ले–आउट प्लान अनुमोदन हेतु प्रशासी विभाग को भेजा गया है।

  **अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- दरभंगा जिलान्तर्गत डॉ भीम राव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, प्रखंड–सह–अंचल, बहादुरपुर में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि स्थल प्लान अनुमोदन हेतु प्रशासी विभाग को भेजा गया।

  **अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- गयाजी जिलान्तर्गत डॉ भीम राव अम्बेडकर (10+2) आवासीय विद्यालय, प्रखंड–सह–अंचल, बांकेबाजार में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी द्वारा बताया गया कि स्थल पर्याप्त नहीं है।

  **अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- गयाजी जिलान्तर्गत डॉ भीम राव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, प्रखंड–सह–अंचल, फतेहपुर में विद्यालय भवन (720 आसन) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, गयाजी द्वारा बताया गया कि स्थल पर्याप्त नहीं है।

  **अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- जहानाबाद जिलान्तर्गत 100 आसन वाले सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रवास, जहानाबाद का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद द्वारा बताया गया कि चिन्हित प्रखंड का सीमांकन अभीतक नहीं किया गया है।

  **अनुपालन–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद**

- सीतामढ़ी जिलान्तर्गत 100 आसन वाले सावित्रीबाई फुले बालिका छात्रवास का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा बताया गया कि स्थल ले–आउट प्लान अनुमोदन हेतु प्रशासी विभाग को भेजा गया है।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

## विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

- किशनगंज जिलान्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में अतिरिक्त सहायक प्रधायपक, स्टूडियो रूम, 300 बालक छात्रावास, 200 बालिका छात्रावास, टाईप सी0 भवन, एमनिटी भवन का निर्माण कार्य के संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया है। परिसर में ट्रांसफर्मर, सौलर लाईट इत्यादि का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रशासी विभाग को समर्पित किया गया है।

  प्रशासी विभाग के पदाधिकारी द्वारा उक्त प्राक्कलन में परिवर्तन कर (जैसे–लाईट की संख्या कम की जाय, जनरेटर सेट हटायी जाय, सोलर प्लेट की संख्या कम की जाय इत्यादी) आवश्यकतानुसार ही प्राक्कलन तैयार करते हुए पुनः समर्पित की जाय।

**अनुपालन–विद्युत कार्यपालक अभियंता**

- सीतामढ़ी जिलान्तर्गत एस0आई0टी0 में चहारदिवारी का उच्चीकरण का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सीतामढ़ी द्वारा बताया गया है। चहारदिवारी का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रशासी विभाग को समर्पित किया गया है।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

## गृह (कारा) विभाग

- भागलपुर जिलान्तर्गत उप कारा कहलगाँव का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा बताया गया कि चहारदीवारी के निर्माण के लिए अभीतक पूरी जमीन प्रशासी विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गयी है। कार्यपालक अभियंता को उक्त निर्माण कार्य हेतु संवेदक से Revised Timeline लेने का निदेश दिया गया तथा प्रमंडल में क्रियान्वित सभी योजनाओं की स्थिति पी0एम0आई0एस0 पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर**

- भागलपुर जिलान्तर्गत विशेष केन्द्रीय कारा, भागलपुर के तृतीय सेक्टर अन्तर्गत कैदी वार्ड संख्या–8, 9 एवं 10 का जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर द्वारा बताया गया कि संवेदक को कालीकृत करने हेतु नोटिस दिया गया है। कार्यपालक अभियंता को संवेदक को कालीकृत करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर**

- कटिहार जिलान्तर्गत जिला कारागार के परिसर में 30 क्षमतावाले पुरूष कक्षपाल बैरक का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार द्वारा बताया गया कि संवेदक को कालीकृत करने हेतु नोटिस दिया गया है। कार्यपालक अभियंता को संवेदक को Rescind करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कटिहार**

## ➢ कला एवं संस्कृति विभाग

- बांका जिला मुख्यालय में मॉडल नक्शा पर आधारित 630 क्षमता का सभागार का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बांका द्वारा बताया गया कि कार्य प्रगति में है। कार्यपालक अभियंता को संवेदक से Revised Timeline लेकर Revised Completion Date PMIS पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बांका**

- शेखपुरा जिलान्तर्गत 620 क्षमता का अटल कला भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा द्वारा बताया गया कि चिन्हित स्थल पर 3.65 मीटर गढ्ढा है एवं गढ्ढा भराई हेतु लोकल Sand उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता को मुख्य अभियंता (दक्षिण) से मार्गदर्शन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा**

- शिवहर जिला मुख्यालय में मॉडल नक्शा पर आधारित 620 क्षमता का अटल कला भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शिवहर द्वारा बताया गया कि उक्त योजना एवं दूसरी जमीन खोजी जा रही है। प्रशासी विभाग को जल्द से जल्द दूसरी जमीन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- नालंदा जिला मुख्यालय में 620 क्षमता का अटल कला भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नालंदा द्वारा बताया गया कि उक्त योजना हेतु चिन्हित स्थल बरसाती नदी के किनारे स्थित है जो निर्माण कार्य हेतु अनुपयुक्त है। प्रशासी विभाग को जल्द से जल्द दूसरी जमीन उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

## ➢ सामान्य प्रशासन विभाग

- औरंगाबाद जिलान्तर्गत संयुक्त कार्यालय भवन (जी0+5) एवं कोषागार भवन (जी0+2) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा बताया गया कि निर्माण कार्य 3 से 4 महीनों में पूर्ण करा लिया जाएगा। कार्यपालक अभियंता को संवेदक से Revised Timeline लेने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

- दरभंगा जिलान्तर्गत ऑफिर्सस कॉलनी स्थित कमिशनरी आवास के परिसर में अवस्थित 10 बेडेड गार्ड बैरक भवन का जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कोर्ट केस के कारण कार्य बंद है कार्यपालक अभियंता को योजना ड्रॉप करने की अग्रतर कार्रवाई करते हुए संवेदक को कालीकृत करते हुए एवं Rescind करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- दरभंगा जिलान्तर्गत ऑफिर्सस कॉलनी स्थित कमिशनरी आवास के परिसर में अवस्थित 10 बेडेड गार्ड बैरक भवन का जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि कोर्ट केस के कारण कार्य बंद है कार्यपालक अभियंता को योजना ड्रॉप करने की अग्रतर कार्रवाई करते हुए संवेदक को कालीकृत करते हुए Rescind करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- मधेपुरा जिलान्तर्गत समाहरणालय परिसर, मधेपुरा में टॉयलेट कम्पलेक्स का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा को निदेश दिया गया कि टॉयलेट कम्पलेक्स का निर्माण इस प्रकार कराया जाय कि यह नये समाहरणालय भवन से Coincide ना करे।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मधेपुरा**

- किशनगंज जिलान्तर्गत राज्य योजना स्कीम के तहत समाहरणालय परिसर, किशनगंज में सभाकक्ष (200 क्षमता) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज को निदेश दिया गया कि उक्त योजना को ड्रॉप कराने हेतु जिला पदाधिकारी से लिखित आदेश लेकर मुख्य अभियंता (उत्तर) को पत्र दिया जाय।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज**

## ➢ निबंधन, उत्पाद एवं मद्यनिषेध विभाग

- किशनगंज जिलान्तर्गत अवर निबंधक, बहादुरगंज के 'सी' टाईप सरकारी आवासीय भवन का नवनिर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज को संवेदक से Revised Timeline लेने तथा योजना के क्रियान्वयन में हुए विलम्ब का कारण स्पष्ट करते हुए समय विस्तार के लिए अनुमति प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, किशनगंज**

- मोतिहारी जिलान्तर्गत अवर निबंधन कार्यालय छौरादानो में पुरूष, महिला एवं विकलांग शौचालय कॉपलेक्स के निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी द्वारा बताया गया कि औपबंधिक कार्यादेश निर्गत करने के पश्चात संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। कार्यपालक अभियंता को संवेदक का EMD जब्त करने तथा योजना के पुर्ननिविदा हेतु अग्रतर कार्रवाई करने हेतु निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मोतिहारी**

- दरभंगा जिलान्तर्गत जिला उत्पाद कार्यालय दरभंगा का कार्यालय भवन, बैरक, हाजत, मालखाना एवं 10 बेडेड महिला बैरक का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि भवन का कार्य पूर्ण है परन्तु महिला बैरक के लिए स्थल अदिनांक अप्राप्त है। कार्यपालक अभियंता को योजना बंद करने के लिए जेल अधीक्षक से लिखित प्रस्ताव लेकर मुख्य अभियंता (उत्तर) को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- नालन्दा जिलान्तर्गत दो चेक पोस्ट गया–नालन्दा रोड एवं नवादा–नालन्दा रोड का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नालन्दा द्वारा बताया गया कि उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति वर्ष 2022 में ही प्राप्त हुई है तथा नवादा–नालन्दा चेक पोस्ट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परन्तु

गया–नालन्दा चेकपोस्ट हेतु भूमि अभी तक अनुपलब्ध है। कार्यपालक अभियंता को उक्त योजना को स्थगित करने हेतु मुख्य अभियंता (पटना) को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नालन्दा**

- सिवान जिलान्तर्गत जिला उत्पाद कार्यालय, सिवान का कार्यालय भवन, बैरक, हाजत, मालखाना एवं 10 बेडेड महिला बैरक का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिवान द्वारा बताया गया कि ग्रेड बीम की ढ़लाई के पश्चात यह निर्माण कार्य CWJC No-4001 (2024) के कारण माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश से बंद कर दिया गया है। कार्यपालक अभियंता को उक्त योजना को स्थगित कराने के लिए मुख्य अभियंता (उत्तर) को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिवान**

➢ <u>**सहकारिता विभाग**</u>

- छपरा जिलान्तर्गत प्रमंडलीय मुख्यालय सारण में सहकार भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, छपरा द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु चयनित स्थल पर भूमि विकास बैंक है, जिसके खाली नहीं होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। प्रशासी विभाग को जल्द से जल्द स्थल खाली कराने हेतु अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- लखीसराय जिलान्तर्गत सहकार भवन के निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, लखीसराय द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु संवेदक को LOA निर्गत किया जा चुका है। पुराने भवनों को तोड़ने हेतु नीलामी की प्रक्रिया सम्पन्न की जा चुकी है तथा भवन को खाली कराने हेतु कई बार DCO को पत्र दिया गया है, परन्तु भवन अभीतक खाली नहीं किया गया है। प्रशासी विभाग को इस विषय पर ध्यान देने हेतु अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- मुंगेर जिलान्तर्गत सहकार भवन, मुंगेर का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर द्वारा बताया गया कि उक्त निर्माण कार्य हेतु चिन्हित स्थल पर विधि व्यवस्था की समस्या है। प्रशासी विभाग इस समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

- दरभंगा जिलान्तर्गत प्रमंडलीय मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय में सहकार भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा द्वारा बताया गया कि उक्त निर्माण कार्य स्थल परिवर्तन किया गया है परन्तु नये स्थल पर निर्माण हेतु पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं है। कार्यपालक अभियंता को साईट प्लान बनाकर मुख्य वास्तुविद् से इस संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल, दरभंगा**

- सिवान जिलान्तर्गत जिला मुख्यालय में सहकार भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिवान द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य हेतु स्थल की विवरणी अभीतक प्रशासी विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गई है। प्रशासी विभाग को स्थल उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

## ➢ कृषि विभाग

- हाजीपुर जिलान्तर्गत बिदुपुर, वैशाली में बागवानी केन्द्र (PAN) (जी0+1) का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, हाजीपुर द्वारा बताया गया कि मुख्य भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। चहारदिवारी निर्माण कार्य का स्थल विवादित है। प्रशासी विभाग को स्थल समस्या का समाधान करने तथा भवन हस्तगत लेने हेतु अनुरोध किया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

## ➢ डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

- पटना जिलान्तर्गत मोकामा प्रखंड के मरांची गाँव में प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय हेतु नये भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पटना सिटी गुलजारबाग द्वारा बताया गया कि उक्त निर्माण कार्य हेतु दूसरी बार जो जमीन चिन्हित की गयी है वहाँ 5 फीट का जल–जमाव है। कार्यपालक अभियंता को उक्त योजना स्थगित कराने हेतु मुख्य अभियंता (पटना) को पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पटना सिटी गुलजारबाग**

## ➢ वाणिज्य–कर विभाग

- नांलदा जिलान्तर्गत वाणिज्य–कर के कार्यालय के पदाधिकारी के आवासीय भवन का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नांलदा द्वारा बताया गया कि उक्त कार्य का LOA निर्गत किया जा चुका है। परन्तु चयनित स्थल पर पूर्व से अवस्थित आवास Sales Tax Commission के पदाधिकारियों

द्वारा खाली नहीं किया जा रहा है। प्रशासी विभाग से उक्त आवास को खाली कराने का अनुरोध किया गया ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा सके।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग**

## ➢ खेल विभाग

- बेगूसराय जिलान्तर्गत (1) चेरिया बरियारपुर ब्लॉक स्थित जय मंगला उच्च विद्यालय, मंझौल में स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य, शौचालय का निर्माण, चहारदिवारी का ऊँचीकरण, परिसर विकास एवं PHE कार्य, (2) भगवानपुर ब्लॉक स्थित तैयाई उच्च विद्यालय में स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य, चहारदिवारी का ऊँचीकरण, परिसर विकास एवं PHE कार्य एवं (3) मंसुरचक ब्लॉक स्थित कन्या प्रोजेक्ट स्कूल, दशरथपुर में स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य, चहारदिवारी का ऊँचीकरण एवं PHE कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय को उक्त निर्माण कार्य त्वरित गति से पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेगूसराय**

- सहरसा जिलान्तर्गत मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत् सत्तर कटैया प्रखंड अन्तगर्त प्रियवर्त उच्च विद्यालय, पंचगछिया में स्टेडियम का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा बताया गया कि गैलरी एवं छत स्तर तक ईंट कार्य पूर्ण करने के पश्चात संवेदक द्वारा कार्य बंद कर दिया गया है, वर्ष 2019 से कार्य ठप है। कार्यपालक अभियंता को योजना Close करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा**

- सहरसा जिलान्तर्गत सहरसा, स्टेडियम के चहारदिवारी एवं मुख्य द्वार का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा बताया गया कि जितनी जमीन पर अतिक्रमण नहीं था उतना कार्य पूर्ण करा लिया गया है परन्तु लगभाग 45 प्रतिशत चहारदिवारी का कार्य अतिक्रमण के कारण प्रारंभ नहीं किया जा सका। इस संबंध में जिला पदाधिकारी को भी पत्र दिया गया है परन्तु अदिनांक जमीन पर अतिक्रमण है। कार्यपालक अभियंता को योजना Close करने हेतु अग्रतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहरसा**

## ➢ युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

- भागलपुर जिलान्तर्गत सात निश्चय के तहत औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान, कहलगांव के प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाफ हॉस्टल, कैंटिन ब्लॉक, प्राचार्य आवास, उप प्राचार्य आवास, चहारदिवारी, पहुँच पथ, स्थल विकास, फर्नीचर एवं फर्निशिंग का कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल,

भागलपुर द्वारा बताया गया कि संवेदक द्वारा कार्य बंद करने के कारण संवेदक को कालीकृत करने की कार्रवाई की जा रही है।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर**

- सिवान जिलान्तर्गत दरौंदा प्रखंड के ग्राम ऊजाय में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिवान द्वारा बताया गया कि संवेदक के निबंधन को विभाग द्वारा निलंबित करने के पश्चात उसके द्वारा कार्य बंद कर दिया गया था। कार्यपालक अभियंता को अवशेष कार्य में लगने वाले अतिरिक्त राशि को संवेदक से वसूलने का निदेश दिया गया तथा संवेदक को Rescind करते हुए उसपर सख्त कार्रवाई करने के पश्चात कार्य की पुर्ननिविदा करने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिवान**

## ➢ आपदा प्रबंधन विभाग

- पटना जिलान्तर्गत एस0डी0आर0एफ0, वाहिनी मुख्यालय, बिहटा (पटना) के परिसर में स्थायी संरचनाओं का निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–3 को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द कराने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–3**

- कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ द्वारा बताया गया कि District Emergency Response Facility-cum-Traning Center, वायसी, पूर्णियाँ का निर्माण कार्य दो वर्ष पहले ही पूर्ण हो चुका है। उक्त भवन का संचालन किया जा रहा है तथा प्रशिक्षण कार्यों हेतु फर्नीचर का उपयोग करने के कारण फर्नीचर की स्थिति खराब हो गयी है। प्रशासी विभाग द्वारा भवन हस्तगत नहीं लिया जा रहा है, इस संबंध में जिला पदाधिकारी से अनुरोध करने पर उनके द्वारा फर्नीचर जाँच हेतु एक समिति का गठन किया गया है। कार्यपालक अभियंता को हर 15 दिनों में प्रशासी विभाग को भवन हस्तगत लेने हेतु पत्र देने का निदेश दिया गया।

**अनुपालन–प्रशासी विभाग/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, पूर्णियाँ**

## ➢ गुणवत्ता अनुश्रवण की समीक्षा

- मुख्य अभियंता (गुणवत्ता) के द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता को निम्न निदेश दिये गयेः–

  (1) निर्माण कार्यों में प्रयोग होने वाले सरिया का Invoice तथा Test Report अनिवार्य रूप से Manufacturer से लिया जाय।

(2) निर्माण कार्यों में White Stone Chips का प्रयोग नहीं किया जाय तथा प्रयोग किये जा रहे Stone का Aggregate Impact Value (AIV) Test अवश्य कराया जाय।

(3) प्रायः यह देखा जा रहा है कि केन्द्रीय प्रयोगशाला, राजवंशी नगर, पटना में जाँच हेतु भेजे जा रहे क्यूब सैंपल के साथ निर्माण कार्य का नाम, क्यूब कॉस्टिंग की तिथि, लोकेशन, सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता का नाम इत्यादी सूचनाएँ अंकित नहीं की जा रही है। ऐसे क्यूब सैंपल की जाँच नहीं की जाएगी तथा इसे उच्च स्तरीय समिति में ले जाकर संबंधित कार्यपालक अभियंता से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल**

## ➢ <u>ए0सी0 / डी0सी0 विपत्र, वाद / अवमाननावाद, सेवान्त लाभ तथा विभागीय शिकायत निवारण समिति से संबंधित</u>

- अपर सचिव, भवन निर्माण विभाग द्वारा सभी प्रमंडलों में लंबित AC/DC विपत्र जिनका समायोजन किया जाना है, इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र करने का निदेश दिया गया, इस हेतु किसी भी तरह के असमंजस की स्थिति को वित्त विभाग के प्रभारी पदाधिकारी डॉ0 अरूण कुमार (दूरभाष सं0–9911231821) के सहयोग से स्पष्ट किया जा सकता है।

  डॉ0 अरूण कुमार द्वारा बताया गया कि किसी प्रमंडल में यदि आगलगी / बाढ़ इत्यादि जैसी दुर्घटना के कारण AC/DC विपत्र का डाटा गुम हो गया है तो उस दुर्घटना का Total Report संलग्न कर वित्त विभाग को पत्र दिया जाय। महालेखाकार द्वारा इस प्रकार की परिस्थिति पर विचार किया जाएगा तथा ट्रेजरी टोकन नं0 प्राप्त करने के लिए संबंधित ट्रेजरी से पत्राचार किया जाय।

**अनुपालन–सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल**

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गयी।

ज्ञापांक–डी0डी0–1–विविध–49 / 05 / 2019–20(पार्ट–VI)______ दिनांक–__________

ह0 / –
**(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–डी0डी0–1–विविध–49 / 05 / 2019–20(पार्ट–VI) 4719 (अनु) दिनांक– 27/5/26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने एवं संबंधित प्रशासी विभाग को भेजने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव